SNBP INTERNATIONAL SCHOOL,CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2023-24
CLASS NOTES

Prepared by: Ms. Salma **Class:3**

Subject: Hindi **व्याकरण-पाठ-१८ पत्र-लेखन**

पत्र- पत्र लेखन एक विशिष्ट कला है ।

पत्र की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए ।

पत्र अनावश्यक रूप से बड़ा नहीं होना चाहिए ।

पत्र दो प्रकार के होते हैं –

१) औपचारिक पत्र २) अनौपचारिक पत्र

औपचारिक पत्र– ये पत्र प्रधानाचार्य ,सरकारी -कार्यालय आदि को लिखे जाते हैं ।

अनौपचारिक पत्र- ये पत्र रिश्तेदारों , संबंधियों और अपने दोस्तों को लिखे जाते हैं ।

जैसे– औपचारिक पत्र

दो दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को पत्र ।

पता – ____________________

____

दिनांक – ____________________

सेवा में,

श्रीमती प्रधानाचार्या जी,

एस.एन.बी.पी. इंटरनेशनल स्कूल,

चिखली

विषय – दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र।

महोदया जी,

सविनय निवेदन है कि मैं कक्षा तीसरी का छात्र / छात्रा हूँ। अचानक कल रात से मेरी तबीयत खराब हो जाने के कारण डॉक्टर ने मुझे दो दिन आराम करने के लिए कहा है ।इसलिए मुझे दिनांक 04/02/2024 और 05/02/2024 का अवकाश देने की कृपा करें ।मैं आपका आभारी रहूँगा ।

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य

अनौपचारिक पत्र -

जन्मदिन पर उपहार भेजने के लिए बुआ जी को धन्यवाद पत्र।

पता – ______________________

____

दिनांक– ____________________

आदरणीय बुआ जी

सादर प्रणाम,

आपने मेरे जन्मदिन पर जो उपहार भेजा था उसे पाकर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई | घूम- घूम कर नाचने वाली गुड़िया देख कर मैं खुशी से झूम उठी | मेरे पास ऐसी एक भी गुड़िया नहीं थी |मैंने अपनी सहेलियों को भी अपनी गुड़िया दिखाई , तो उनका मन भी मचल उठा। मैं इस सुंदर उपहार को हमेशा संभाल कर रखूँगी | फूफा जी को मेरा प्रणाम और प्रिया को मेरा प्यार|

आपकी
भतीजी

____